प्रार्थना सभा | मढ़ाताल स्थित स्मृति स्थल पर प्रार्थना सभा आयोजित

# भूकंप में मृत लोगों को दी श्रद्धांजलि, आपदा प्रबंधन पर उठाए सवाल



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर में आए विनाशकारी भूकंप के 29 साल बीतने के बाद भी 21-22 मई की दरमियानी रात आते ही लोग खौफ से कांप उठते हैं। मढ़ाताल स्थित स्मृति स्थल पर आयोजित प्रार्थना सभा में सुबह भूकंप के हताहतों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए, जिससे उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पिछले 29 वर्षों से निरंतर यहां प्रार्थना सभा का आयोजन करती आ रही है, जिसमें बड़ी संख्या में समाजसेवी मौजूद रहे, हालांकि इस दौरान राजनीतिक जनों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। हर साल इस दिन को भूकंप जन-जागृति दिवस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन शहर में समुचित आपदा प्रबंधन न होना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

### संवेदनशील जोन, फिर भी प्रशासन अपडेट नहीं

आपदा प्रबंधन के मोर्चे पर जबलपुर की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। यह शहर का दुर्भाग्य है कि भूकंप के लिहाज से संवेदनशील जोन में होने के बाद भी इस मामले में हम पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। इस त्रासदी के 29 साल बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अपडेट नहीं है। वर्तमान में केवल फायर ब्रिगेड के अलावा शहर के पास कोई भी संतोषजनक संसाधन उपलब्ध नहीं है। हालांकि कलेक्टर की मॉनिटरिंग में आपदा प्रबंधन यूनिट बनाकर उसमें होमगार्ड और प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों की टीम शामिल की गई है, लेकिन पर्याप्त संसाधनों की कमी के कारण यह प्रयास खुद सिस्टम पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर देता है।

### बार-बार आते है झटके और पुराना खौफ

बीते दशकों में जिस तरह से जबलपुर में लगातार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, उससे स्थानीय लोगों के दिलों में एक गहरा खौफ बैठ गया है। 22 मई की दरमियानी रात यहां दो बार धरती हिल चुकी है, जिसमें 1997 की तबाही भयंकर थी, जबकि दूसरी बार के झटके सामान्य थे। इसके अलावा एक बार धनतेरस के दिन भी धरती कांपी थी और उसके बाद तीन बार और भूकंप के झटके आए। इतना ही नहीं, नेपाल में आए भूकंप के आफ्टर शॉक भी जबलपुर में अनुभव किए गए थे। पहले कई वर्षों तक इसके लिए शासकीय स्तर पर आयोजन होते थे, लेकिन इस बार निजी संस्थाओं ने अपने स्तर पर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करें कार्य : निगमायुक्त

▸ समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने दिए निर्देश

**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा शुक्रवार सुबह सफाई व्यवस्था का निरीक्षण के बाद 11 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जल प्रदाय, सीवरेज, ई-केवाईसी, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सभी प्रमुख विभागों के प्रगतिरत कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें।

### मानसून पूर्व नाला-नाली सफाई के निर्देश

आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के आगमन से पहले शहर के सभी छोटे-बड़े नालों और नालियों की सघन सफाई सुनिश्चित की जाए। वर्षा काल के दौरान कहीं भी जल-भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए व्यवस्थित वर्षा जल निकास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान निगमायुक्त ने शासन की जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन की भी प्रगति देखी। उन्होंने हितग्राहियों के ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने और इसे शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं शहर में चल रहे जल प्रदाय और सीवरेज नेटवर्क के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने और मरम्मत के कार्यों को गति दी जाए ताकि नागरिकों को सुचारू रूप से मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। सभी अधिकारी मैदानी स्तर पर उतरकर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

### एक नजर में

## निगमायुक्त को मिला जेसीटीएसएल के प्रभारी कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार



**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन के परिवहन विभाग द्वारा जारी नवीनतम आदेश के तहत जबलपुर नगर निगम के आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड के प्रभारी कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। परिवहन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के अधीन संचालित क्षेत्रीय सहायक कंपनी जेसीटीएसएल के निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया गया है। शासन द्वारा कार्य सुविधा की दृष्टि से और शहर के लोक परिवहन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु यह जिम्मेदारी सीधे निगमायुक्त श्री अहिरवार को दी गई है। नगर निगम और जेसीटीएसएल के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित होने से शहर की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम और यात्री-अनुकूल बनेगी। बसों के समयबद्ध संचालन और नए रूटों के विस्तार को गति मिलेगी।




## छात्राओं ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय के मानव विकास विभाग के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 'पानी की बूंद-बूंद बचाने के लिए एक संकल्प, एक अभियान' का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं को जल की हर बूंद को बचाने के महत्व को समझाते हुए शपथ ग्रहण कराई गई और इसी उद्देश्य से एक विशेष भ्रमण का भी आयोजन हुआ। यह पूरा आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल के कुशल निर्देशन एवं प्राध्यापक डॉ. अर्चना गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। इस अभियान का मूल उद्देश्य युवा पीढ़ी और छात्राओं को जल संकट की चुनौतियों से अवगत कराना और उन्हें अपने दैनिक जीवन में पानी बचाने के लिए प्रेरित करना है। विषय के अंतर्गत आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के बाद छात्राओं ने जल स्रोतों और उसके संरक्षण की तकनीकों को समझने के लिए क्षेत्र का भ्रमण भी किया, जिससे वे व्यावहारिक रूप से इस अभियान से जुड़ सकें। इस महत्वपूर्ण जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के कई वरिष्ठ प्राध्यापकों और समिति सदस्यों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर कार्यक्रम समिति के सदस्य डॉ. राम नरेश साकेत, डॉ. रौशनी हल्कार एवं डॉ. अंजना गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

## प्रधानमंत्री मोदी युवाओं को वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र

**जबलपुर, नवभारत।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 23 मई को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इसी क्रम में पमरे के जबलपुर रेल मंडल द्वारा भी आयोजन करेगा रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को साकार रूप देने की महत्वपूर्ण पहल है। रोजगार मेला आरंभ किए जाने के बाद से देश भर में अब तक आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के सभी हिस्सों से चयनित नव नियुक्त उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग आदि सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे वही पश्चिम मध्य रेल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत जबलपुर में भी रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रेलवे, डाक विभाग, बैंकिंग, रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य केंद्रीय विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# आत्मरक्षा, बचाव और सुरक्षा के सीखे गुर



▸ विद्युत कंपनियों की महिला कार्मिकों ने लिया प्रशिक्षण

**नवभारत,जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तत्वावधान में जबलपुर स्थित समस्त विद्युत कंपनियों में कार्यरत महिला कार्मिकों के लिए शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत आत्मरक्षा, बचाव व सुरक्षा के उद्देश्य से एक विशेष शिविर कल्याण भवन में आयोजित किया गया। शिविर में राजेंद्रन नायर ने विद्युत कंपनियों की लगभग एक सैकड़ा महिला कार्मिकों को सेल्फ डिफेंस (निहत्थे मुकाबला करने) एवं होलिस्टिक वर्क आउट का विशेष प्रशिक्षण दिया। उल्लेखनीय है कि राजेंद्रन नायर मुंबई पुलिस के ट्रेनर रह चुके हैं। वे वर्तमान में पावर एक्सचेंज ऑफ इंडिया में सलाहकार के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पहली बार मध्यप्रदेश में महिलाओं को इस प्रकार का आत्मसुरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया है। शिविर से महिला कर्मियों में व्यक्तिगत सुरक्षा व आत्मविश्वास में सुधार की भावना जाग्रत हुई।

### सुरक्षा के लिए महिलाएं ताई-ची से हुई रूबरू

ट्रेनर राजेंद्रन नायर ने महिलओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण में अपने आस-पास के माहौल और खतरे के संकेतों के प्रति जागरूकता, अपनी बात को दृढ़ता से कहना और अपनी सीमाएँ तय करना, किसी द्वारा पकड़े जाने, जकड़े जाने या गला दबाए जाने की स्थिति से खुद को छुड़ाना, सड़क पर होने वाले उत्पीड़न और हमलों से बचाव, आत्म-रक्षा के लिए रोज़मर्रा की चीज़ों का इस्तेमाल का सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। ट्रेनर ने महिलाओं को प्राचीन चीनी मार्शल आर्ट ताई-ची का भी प्रशिक्षण दिया। यह ऐसा मार्शल आर्ट है जो अपनी धीमी, नियंत्रित और ध्यानपूर्ण शारीरिक गतिविधियों के लिए जानी जाती है। इसे अक्सर 'गति में ध्यान' भी कहा जाता है।



# वार्डों में लग रही नगर निगम की जल चौपाल

▸ मौके पर ही हो रहा पानी की समस्याओं का समाधान

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के नागरिकों को सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा पहल की जा रही है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वार्डवार जल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को संभाग क्रमांक 16 के अंतर्गत आने वाले संजय गांधी वार्ड में जल चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में स्थानीय पार्षद मधुबाला सिंह,कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव और नगर निगम के अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों से सीधा संवाद किया, पानी की आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया।



## आउटसोर्स कर्मचारियों की लंबित वेतन एरियर्स राशि का किया गया भुगतान

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों के निराकरण के लिए शुक्रवार को संगठन पदाधिकारियों द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों की लंबित एरियर्स राशि भुगतान, कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ तथा सफाई मित्रों को झाड़ू-पंजा राशि भुगतान की मांग रखी गई। इस दौरान आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। आयुक्त के निर्देश पर आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों की लंबित वेतन एरियर्स राशि का तत्काल भुगतान कराया गया, जिससे कर्मचारियों में खुशी एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ। इसके अतिरिक्त समयमान वेतनमान प्रकरण में भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। वहीं सफाई मित्रों को झाड़ू-पंजा राशि भुगतान के संबंध में भी तत्काल निराकरण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष अमित मेहरा सहित राजेंद्र पटेल, अक्षय कोरी, गुलशन जबलपुरी, नरसामलू कोयरी नायडू, मोहम्मद शमीम, होरीलाल पटेल, रामू भैया एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुरुषोत्तम मास पर पांच दिवसीय दत्तयाग



▸ महापौर ने यज्ञ में दी आहुति

**नवभारत, जबलपुर।** श्री दत्त भजन मंडल द्वारा पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय दत्तयाग का दूसरा दिन बड़े उत्साह और धार्मिक अनुष्ठान के साथ प्रारंभ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में नगर के महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने उपस्थित होकर विश्व कल्याण के लिए यज्ञ में आहुति अर्पित की। भगवदगीता में समझाए गए यज्ञ के विस्तार के अनुसार, मुख्य यजमान द्वारा यज्ञशाला में प्रतिष्ठित मुख्य दैवत भगवान दत्तात्रय की पूजा की गई और सह-यजमानों द्वारा स्थापित पीठों का पूजन किया गया। इसके बाद मुख्य आहुति का कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक संस्कारधानी के बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने उपस्थित होकर आहुति प्रदान की, यज्ञशाला की प्रदक्षिणा की और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया।


शुक्रवार को महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' सहित दिनेश कालवे, मनोज हर्डीकर, शरद आठले, संदीप पिंपले, प्रशांत कुलकर्णी, नयना महेश येवलकर, आदित्य कानडे, अशोक जोशी, जस्टिस देवदत्त धर्माधिकारी और डॉ. जितेंद्र जामदार ने यजमानों के रूप में उपस्थित होकर यज्ञ में आहुति प्रदान की।

### धार्मिक विधि-विधान और सराहनीय सहयोग

इस दत्तयाग का ऋत्विजत्व वेदमूर्ति कृष्णशास्त्री आर्वीकर (नागपुर), पंडित गणेश नारायण पालंदे (वाराणसी) तथा ब्रह्मवृंद समाज के पंडित मनोज गुरुजी और पंडित निलेश दाभोलकर कर रहे हैं। मंडल के अध्यक्ष विजय भावे और सचिव शरद आठले के नेतृत्व में दत्तयाग का यह कार्य पूर्ण पवित्रता और धार्मिक विधि-विधान से संपन्न हो रहा है। आयोजन में अजय फाटक, अनिल राजूरकर, मुरलीधर पालंदे, विश्वनाथ वैद्य, वर्षा दांडेकर, आभा रानडे, स्नेहा आठले, मनीषा भावे, चित्रा ताम्हनकर, रंजना वर्तक, अपर्णा राजूरकर और नितिन देसाई का सहयोग सराहनीय रहा। मंडल द्वारा सभी भक्तगणों से यज्ञ में सहभागी होकर दर्शन करने का अनुरोध किया गया है।

अभियान | शहर के प्रमुख महाविद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने भरी स्वच्छता की हुंकार

# जबलपुर को नंबर-1 बनाने छात्र-छात्राओं ने संभाली कमान



▸ कॉलेजों में चलाया गया सघन फीडबैक अभियान

**नवभारत,जबलपुर।** शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश का नंबर-1 शहर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में एक वृहद और सघन जन-संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं, युवाओं और कॉलेज स्टाफ को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा शहर की रैंकिंग सुधारने के लिए स्वच्छता फीडबैक फॉर्म भरवाना रहा।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशन में नगर निगम की विशेष टीमों ने शहर के अलग-अलग कॉलेजों में पहुंचकर विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से सीधा संवाद स्थापित किया। अभियान के दौरान शहर के शिक्षण संस्थानों में भारी उत्साह देखा गया। अलग-अलग महाविद्यालयों में प्राचार्यों और प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में हजारों छात्रों ने इस मुहिम में हिस्सा लिया।

### इन कॉलेजों के छात्रों ने की सहभागिता

महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी एवं अरुण शुक्ला के निर्देशन में लगभग 250 विद्यार्थियों ने फीडबैक दिया, मानकुंवर बाई कॉलेज प्राचार्या डॉ. माया मिश्रा एवं डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी के नेतृत्व में 150 छात्राएं अभियान से जुड़ीं, पॉलीटेक्निक कॉलेज प्राचार्य आर.सी. पाण्डेय एवं संजय शर्मा के मार्गदर्शन में 160 छात्रों ने सहभागिता की, सेंट अलॉयसस कॉलेज सदर एवं गौर तिराहा निदेशक फादर तंकच्चन जोस, प्राचार्या डॉ. रेनू पाण्डेय एवं अजय राणा के निर्देशन में करीब 200 छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने फॉर्म भरे, हितकारिणी महिला महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नीलेश पाण्डेय के निर्देशन में 110 छात्राओं ने हिस्सा लिया, जी.एस. महाविद्यालय नीरज केशरवानी के मार्गदर्शन में 80 छात्र इस मुहिम में शामिल हुए, महाराष्ट्र महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह हजारी और डी.एन. जैन कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय प्रोफेसर एच.एन. मिश्रा एवं डॉ. शैलेष जैन में भी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की बारीकियों से अवगत कराते हुए फीडबैक फॉर्म भरवाए गए।

## मंथनश्री की पितृ स्मृति काव्य आराधना आयोजित



**नवभारत,जबलपुर।** मंथनश्री साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा पितृ स्मृति काव्य आराधना का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अटलांटा से डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया थे। अध्यक्षता महा महोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे ने की इस अवसर पर सारस्वत अतिथि तंजानिया से डॉ. ममता सैनी, विशिष्ट अतिथि मॉरीशस से गोवर्धन सच्चिदानंद फ़ौदार, राजकुमार महोबिया, योगिता चौरसिया एवं एड.तृप्ति त्रिवेदी रही अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की मंथनश्री द्वारा पिता के सम्मानार्थ आयोजित यह काव्य आराधना कर्तव्य एवं दायित्वबोध के साथ अत्यंत हृदयस्पर्शी है। मां यदि धरती है तो पिता आसमान है, माँ यदि मूल है तो पिता विस्तार है! जो छत बनकर दुनिया को देखने का नजरिया और हिम्मत देते हैं! अमरेंद्र नारायण ने पितृ स्मृति काव्य आराधना की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी मुख्य वक्ता राजेश पाठक प्रवीण ने कहा कि माता देवी हैं तो पिता महादेव हैं। संस्थापक संतोष नेमा ने संस्था के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पिता को समर्पित एक साझा काव्य संग्रह शीघ्र प्रकाशित करने की घोषणा की सरस्वती वंदना बलिया से डॉ. आराधना उपाध्याय ने प्रस्तुत की कार्यक्रम का संचालन सिद्धेश्वरी सराफ एवं प्रतिमा अखिलेश द्वारा किया गया। इस अवसर पर आशुतोष तिवारी, सुभाष शलभ, प्रीति नामदेव, तरुणा खरे, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, यशोवर्धन पाठक, सलमा जमाल, प्रभा विश्वकर्मा, आकांक्षा सिंह, डॉ.अंकिता नेमा, डॉ. रंजना जैन, ज्योति प्यासी, रश्मि पाण्डेय, डॉ.सुधि रश्मि बाजपेई, रेखा ताम्रकार, जगतराज आदि मौजूद रहे।